# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़**

**दिनांक - 19.10.2025**

**थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा लगभग 20 लाख रुपयों की साइबर ठगी करने वाले 02 साइबर ठगों को 05 मोबाइल (4 Android & 1 IPhone) व 12200/- रुपये नगद व 05 एटीएम कार्ड, 01 कार स्कार्पियों सहित किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद/अपराध श्री अजय वर्मा के नेतृत्व में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रतिबिम्ब पोर्टल के अन्तर्गत संदिग्ध मोबाइल व खाता संख्या की जाँच में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा 01 काली कार स्कार्पियों में बैंठे 02 संदिग्धों के कब्जे से 05 एंड्रायड मोबाइल व 12200/- रुपये नगद व 05 एटीएम कार्ड बरामद हुए, गहनता से जांच करने पर संदिग्धों के मोबाइल में जस्ट डायल के माध्यम से फर्जी ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध कराने वाले एप व आनलाइन सामान बेचेने के नाम पर धोखाधड़ी करने सम्बंधी व्यापारियों से चैट के स्क्रीनशाट प्राप्त किये गये, एक **अभियुक्त के Whatsapp Number व IMEI Number व Account Number को NCRP Portal & JMIS Portal / प्रतिबिम्ब पोर्टल पर सर्च करने पर लगभग 20 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले प्रकाश में आये। थाना साइबर क्राइम द्वारा बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर** मु0अ0सं0-12/2025 धारा-318(4), 111(2) BNS & 66 D IT ACT पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम व पता-

1.कृष्ण मोहन पाण्डेय उर्फ राजन पाण्डेय पुत्र बांके बिहारी पाण्डेय निवासी बीरपुर हरिहरपुर थाना राजेपुर जनपद फतेहगढ़

2.दीपक दुबे पुत्र वीरेन्द्र दुबे निवासी श्रीराम कालोनी थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**पूछताछ का विवरण**- अभियुक्तों से पूछताछ करने बताया कि हम लोग अपने मोबाइलों से जस्ट डायल एप पर फर्जी आईडी बनाकर उस आईडी पर प्राप्त होने वाली लोगो की ट्रांसपोर्ट पैकर्स मूवर्स के लिये ऑनलाइन बुकिंग की इन्क्वायरी से सम्पर्क कर व्हाट्सअप चैट के जरिये उनसे एडवांस के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट करा लेते है और फिर उनका नम्बर ब्लाक कर देते है व परचून व घरेलू सामान को सस्ते दामों पर बेचने का प्रलोभन देकर इच्छुक लोगों से एडवांस के नाम पर धोखाधड़ी करते है बाद में उनका नम्बर ब्लाक कर देते है।

## अभियुक्त कृष्ण मोहन पाण्डेय उर्फ राजन पाण्डेय का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 05/2022 धारा 35/420/467/468/471 IPC थाना क्राइम ब्रान्च जनपद इन्दौर मध्य प्रदेश।

02. मु0अ0सं0-12/2025 धारा-318(4), 111(2) BNS & 66 D IT ACT थाना साइबर क्राइम जनपद फतेहगढ़।

## अभियुक्त दीपक दुबे पुत्र वीरेन्द्र दुबे का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0-12/2025 धारा-318(4), 111(2) BNS & 66 D IT ACT थाना साइबर क्राइम जनपद फतेहगढ़।

## माल बरामदगी विवरण-

01. 05 एंड्रायड मोबाइल

02. 12200 /- रुपये नगद

03. 05 एटीएम कार्ड

04. स्कार्पियों कार काला रंग नम्बर UP 78 GP 9944

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार
2. उ0नि0 श्री सुबोध यादव
3. हे0का0 रविन्द्र प्रताप सिंह
4. का0 अरविन्द यादव
5. का0 कौटिल्य
6. का0 अंकित आर्य
7. का0 गौरी शंकर
8. का0 दिपिन राठी

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट - थाना अमृतपुर

## दिनांक - 19.10.2025

**जनपद फतेहगढ़ में अवैध रूप से आतिशबाजी के भंडारण व विक्रय के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को आतिशबाजी से भरे कुल 03 कार्टन के साथ किया गया गिरफ्तार।**

दिनांक 18.10.2025 को थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा 03 कार्टन आतिशबाजी बरामद कर 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 169/2025 धारा 5/9ख(1)ख विस्फोटक अधिनियम 1884 थाना अमृतपुर जनपद फतेहगढ़ पर पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. टिंकू पाठक पुत्र गुड्डू पाठक निवासी ग्राम पिथनापुर थाना अमृतपुर जनपद फतेहगढ़।

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

# फतेहगढ़ पुलिस

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

दिनांक 19.10.2025 को थाना कादरीगेट क्षेत्रांतर्गत कार्यरत मिशन शक्ति टीम द्वारा मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए त्वरित एवं सराहनीय कार्य किया गया।
डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रूखाबाद के बाहर सड़क पर एक बुजुर्ग महिला बेहोशी की अवस्था में पड़ी हुई थी। मिशन शक्ति टीम थाना कादरीगेट द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर बुजुर्ग महिला को प्राथमिक उपचार हेतु लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया गया, जिससे समय रहते उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सहायता प्राप्त हो सकी।
मिशन शक्ति टीम द्वारा की गई यह त्वरित कार्यवाही न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि समाज में सुरक्षा और संवेदना के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।



@fatehgarhpolice

थाना कादरीगेट

# FATEHGARH POLICE

आज दिनांक 19.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना कंपिल में एक पारिवारिक प्रकरण में पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न विवाद के निस्तारण हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। दोनों पक्षों के मध्य पारिवारिक कारणों से मतभेद उत्पन्न हो गए थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना कंपिल पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक समझाया-बुझाया गया, एवं उन्हें वैवाहिक जीवन की गरिमा, पारिवारिक मूल्यों एवं एक-दूसरे के प्रति कर्तव्यों से अवगत कराया गया। पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों एवं समझाने के परिणामस्वरूप दोनों पति-पत्नी आपसी सहमति से एक साथ रहने के लिए तैयार हुए तथा दोनों की सहमति से उन्हें सौहार्दपूर्वक एक साथ भेजा गया।

"यह प्रकरण मिशन शक्ति के उद्देश्यों के अनुरूप महिला सशक्तिकरण एवं पारिवारिक सौहार्द की दिशा में एक सफल पहल रहा।"




थाना कम्पिल





@fatehgarhpolice

# मिशन शक्ति 5.0

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं



थाना अमृतपुर

# मिशन शक्ति 5.0

## थाना कादरीगेट



# मिशन शक्ति 5.0

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं






## थाना नवाबगंज

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन








कोतवाली-कायमगंज

#MissionShakti

# मिशन शक्ति 5.0

## कोतवाली मोहम्मदाबाद






# मिशन शक्ति 5.0

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं






## कोतवाली फतेहगढ़

1090
Women Power Line

# मिशन शक्ति 5.0 फतेहगढ़

## कोतवाली फर्रुखाबाद

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन




#MissionShakti